**परेशानी** सामने सजे ठेले, टपरे : शौचालयों में गंदगी से होता है बुरा हाल

# सार्वजनिक शौचालय अतिक्रमणों की भेंट चढ़े

**जबलपुर, नवभारत।** सोचिए अगर आपको सार्वजनिक शौचालयों का उपयोग करने के लिए भी दस बार सोचना पड़े तो जिंदगी कैसी होगी? यही हाल शहर में खरीदारी करने के लिए बाजार जाने वाले लोगों का है। त्योहारों का सीजन होने के कारण बाजारों में इस वक्त अच्छी भीड़ दिखाई दे रही है। लेकिन इन्हीं बाजारों में बने शौचालय अतिक्रमण की भेंट चढ़ चुके है। इसके अलावा ज्यादातर शौचालयों में ताले भी लटके रहते है। इसकी बानगी सिविक सेंटर और नागरथ चौक पर बने सुविधा गृह में देखने को मिली। आमजनों और महिलाओं की सुविधा के लिए बनाए गए शौचालय अतिक्रमण की भेंट चढ़ चुके हैं। आसपास लगीं दुकानों से पता ही नहीं चलता कि यहां पर शौचालय बना हुआ है। इसके अलावा गंदगी के कारण भी शौचालय का इस्तेमाल करना मुश्किल हो रहा है।

## सजे हुए है ठेले

नगर निगम की ओर से शहर में कई जगह सामुदायिक सार्वजनिक टॉयलेट्स बनवाए गए थे। लेकिन सिविक सेंटर से मालवीय चौक की ओर जाने वाले मार्ग पर नगर निगम की ओर से बनाए गए सार्वजनिक शौचालय के आगे चाट फुल्की, मोमोज बेचने वालों ने अतिक्रमण कर रखा है। ठेला सजाए जाने से शौचालय की ओर जाने का रास्ता तक नहीं मिलता। ऐसे में सिविक सेंटर, मालवीय चौक आदि स्थानों पर आने-जाने वालों को दिक्कत होती है।

### इनका कहना है

सार्वजनिक शौचालय की साफ सफाई बेहतर ढंग से होनी चाहिए। आखिर सड़कों पर चल रहे लोगों के लिए यही एक व्यवस्था उपलब्ध रहती है।

**धर्मपाल विश्वकर्मा**

नगर निगम को बड़ी कार्यवाही कर अतिक्रमण समेटना चाहिए। अब देखिए इस अतिक्रमण के कारण सार्वजनिक शौचालय भी दिखाई देना बंद हो गए हैं।

**गंगा बावरिया**

नगर निगम के द्वारा सार्वजनिक शौचालयो की रोजाना सफाई कराई जाती है। रही बात शौचालयों के सामने लगे ठेले और दुकानों की तो इस अतिक्रमण विभाग अलग करेगा।

**अंकिता बर्मन**
**स्वच्छता प्रभारी, नगर निगम जबलपुर**

# शेयर बाजारों में मुनाफे का लालच देकर 50 लाख हड़पे

**ओमती पुलिस ने साइबर ठग के खिलाफ दर्ज किया धोखाधड़ी का मामला**

**जबलपुर।** अमेरिकी-भारतीय बाजारों में ट्रेडिंग कर मुनाफे का लालच देकर साइबर ठग ने शेयरों और आईपीओ आवंटन में रूपये निवेश करवाने के नाम पर 50 लाख 16 हजार रूपये लेकर हड़प लिए। ओमती पुलिस ने रिपोर्ट पर धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक जिज्ञासा मेहता निवासी शीतल छाया, रामलला मंदिर वेड नेपियर टाउन, ने लिखित शिकायत की कि यू ट्यूब पर एक वीडियो के बीच आए विज्ञापन के आधार पर, उसने सेरबार इनव नामक एक ऐप डाउनलोड किया। इसके बाद एक व्यक्ति जिसने अपना नाम जस सिह बताया था टिप्स शेयर करने लगा और वह साइबर ठग के चंगुल में फंस गया उसने एक व्हाट्सएप ग्रुप भी बनाया जिसमे वे भारतीय और अमेरिकी बाजारों में ट्रेडिंग के टिप्स शेयर कर रहे थे। व्हाट्सएप ग्रुप में बढ़ा-चढ़ाकर मुनाफा कमाया और आईपीओ में क्यूआईबी कोटे में शेयर आवंटित करने की पुष्टि की। उसने 12 सितम्बर 2025 से ऐप पर पैसे जमा करना शुरू कर दिया।

### तकनीकी विश्लेषण सिखाया चार्ज का अध्ययन कराया

पीड़ित के मुताबिक शुरुआत में साइबर ठग बाजार में शेयरों का मौलिक और तकनीकी विश्लेषण सिखाने का वादा किया, कि कब खरीदना और बेचना है, चार्ट का अध्ययन कैसे करना है और ये सब सिखाने के लिए एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाया। पहले कुछ दिन तो वे पढ़ाते रहे और फिर व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से केबल अपने ऐप पर ही निवेश करने की सलाह देने लगा।

### शेयर बेचने का झांसा देकर लगाई चपत

पीड़ित के मुताबिक ठग ने उससे कहा कि नए आईपीओ आ रहे हैं और आपको उनके ऐप के माध्यम से क्यूबी कोटा में शेयर आंवटित करने के लिए निवेश करना चाहिए। गणेश कंज्यूमर वह आईपीओ था जिसके बारे में उन्होंने कहा था कि आवंटन की संभावना बढ़ाने के लिए हमारे खाते में आपके उपलब्ध धन का 10 गुना आवेदन करें और पांच बार आवंटन के बाद उसे धनराशि हस्तांतरित किए बिना ही दे दिया गया और फिर उन्होंने कहा कि आपको आवंटित शेयरों के लिए भुगतान करना होगा, ऐसा किए बिना आप अपने आवंटित शेयर नहीं बेच पाएंगे, इसके बाद उसने पचास लाख सोलह हजार का भुगतान बताये गए खाते में कर दिया था। लेकिन अब वे 2070701 रूपये और मांग कर रूपये जमा न करने पर उसके पूर्व से निवेशित 50 लाख 16 हजार रूपये हड़पे लिए गए।

# बैनर-पोस्टर फाड़ने के शक में युवक को चाकू से गोदा

जबलपुर। कोतवाली थाना क्षेत्र में गुड़हाई रोड में बैनर-पोस्टर फाड़ने के संदेह पर बदमाशों ने एक युवक को चाकू से गोद दिया। हमले में घायल को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज ले जाया गया जहां उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। पुलिस के मुताबिक पुलिस को राज केवट 28 वर्ष निवासी शिवशंकर मंदिर के पास रद्दीचौकी गोहलपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि शनिवार को बिट्टू चौधरी गुप्ता होटल के पास भंडारे के लिये मंच लगाये थे जिसमें बैनर लगाये थे बैनर किसी लड़के ने फाड़ दिया था तो बिट्टू चोधरी ने उसके ऊपर संदेह किया विवाद हो गया था। रविवार को गुड़हाई रोड कोतवाली में बिट्टू चौधरी एवं मंगल चौधरी पकड़कर एक साईड में ले गये और कल हुये विवाद का लेकर जान से मारने की नियत बिट्टू चौधरी ने चाकू से हमलाकर उसे चोटें पहुंचा दी।

**इधर युवक पर जानलेवा हमला**

रांझी थाना अंतर्गत बड़ा पत्थर चौपाटी के पास बीती रात बदमाशोंने हत्या करने के इरादे से युवक पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। पुलिस ने बताया कि राजकुमार कुशवाहा 63 वर्ष निवासी शंकर नगर बड़ा पत्थर ने रिपोर्ट दर्ज कराई किबीती रात लगभग 8-30 बजे बड़ा पत्थर चौपाटी के पास बादल सोनकर एवं राजीव वर्मा ने पुरानी बुराई को जान से मारने की नियत से चाकू से उसके भाई निशांत पर हमलाकर चोटें पहुॅचा दीं।

## जिले की किसी भी मंडी में बेच सकेंगे सोयाबीन

**नवभारत, जबलपुर।** सोयाबीन उत्पादक किसानों के लिए भावांतर भुगतान योजना के तहत किसानों का पंजीयन 3 अक्टूबर से 17 अक्टूबर तक होगा। योजना दिशा-निर्देशों के अनुसार योजना का उद्देश्य किसानों को सोयाबीन के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य प्राप्त कराना और भाव में गिरावट से सुरक्षा प्रदान करना है। भावांतर भुगतान योजना में किसान अपना पंजीयन पैक्स, सीएससी, एमपी किसान एप के माध्यम से भी करा सकेंगे। भावांतर भुगतान योजना के अंतर्गत पंजीकृत किसान 24 अक्टूबर से 15 जनवरी के बीच जिले की किसी भी कृषि उपज मंडी में पूर्व की भांति अपनी उपज का विक्रय कर सकेंगे। सोयाबीन उपज के घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य तथा राज्य के मंडी के मॉडल भाव के अंतर की राशि किसान के आधार लिंक बैंक खाते में अंतरित की जायेगी।

# गोलियां चलाने वाले भाजपा-कांग्रेस समर्थकों की पहचान में जुटी पुलिस

**सीसीटीव्ही कैमरों और वायरल वीडियो से किए जा रहे चिन्हित**

**जबलपुर।** कांचघर दुर्गा विसर्जन चल समारोह में शुक्रवार की रात्रि भाजपा और कांग्रेस समर्थकों के बीच हुई तीखी नोंकझोंक के बाद दनदान हवाई फायरिंग हुई थी। दोनों पक्षों ने पांच-पांच राउंड फायर किए थे। अब पुलिस गोलियां चलाने वालों की पहचान में जुट गई है। सीसीटीव्ही कैमरों को खंगालने के साथ वायरल वीडियो के जरिए फायर करने वाले चिन्हित किए जा रहे है। विदित हो कि शुक्रवार रात्रि कांचघर में दशहरा चल समारोह था। इस मौके पर विधायक लखन घनघोरिया और पूर्व विधायक अंचल सोनकर के आजू-बाजू मंच लगे हुए थे। जब लखन भाजपा के मंच के सामने से गुजरे रहे थे तब पूर्व विधायक अंचल सोनकर समर्थकों के साथ मौजूद थे। इसी बीच कार्यकर्ताओं के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हुई जिसके बाद दोनों पक्षों के समर्थक

आपस में भिड़ गए थे। इसी दौरान जमकर हवाई फायरिंग शुरू हो गई थी। फायरिंग से मौके पर अफरा-तफरी मच गई थी। इस दौरान दोनों पक्षों से पांच-पांच राउंड फायरिंग हुई थी। गनीमत रही कि हमले में कोई जनहानी नहीं हुई थी। जनप्रतिननिधियों और पुलिस ने मामला शांत कराया था। बाद में पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ दो एफआईआर दर्ज की थी। गोहलपुर थाना प्रभारी प्रतीक्षा मार्को ने बताया कि विधायक लखन घनघोरिया और पूर्व विधायक अंचल सोनकर के सर्मथकों के बीच में टकराव के बाद गोलियां चलाने वाले चिहिन्त किए जा रहे है जिनकी पहचान के बाद उनकी गिरफ्तारियां होगी। मामले में दो एफआईआर दर्ज हुई है।

### कमानिया गेट में चली गोलियां, पिता-पुत्र घायल

**तीन गाड़ियों से पहुंचे हमलावरों ने आधी रात की वारदात, पुलिस ने दर्ज किया प्रकरण**

**जबलपुर।** कमानिया गेट मेन रोड में आधी रात को तीन गाड़ियों से पहुंचे बदमाशों ने एक युवक पर तलवार, बका से हमला कर दिया। उसके पिता बीच बचाव करने आये तो उन पर भी हमला किया। इसके बाद बदमाशों ने पिस्टल से फायरिंग कर दी। हालांकि गोली युवक को न लगकर कार में जाकर धस गई जिसके चलते कार के कांच टूट गए। पुलिस के मुताबिक नीलेश पटेल 33 वर्ष निवासी कमानिया गेट पुरानी सुहागी ने लिखित शिकायत की कि बीती रात लगभग 2-30 बजे से 3 बजे कमानिया गेट मेन रोड़ में मंच को समेटने का कार्य कर रहा था तभी 3 गाड़ियों से प्रशांत रजक (टक्कू), आयुष शर्मा, शिवम सोनी, विशाल चौधरी एवं एक अन्य व्यक्ति आकर उसके साथ विवाद करने लगे और तलवार, बके से हमला कर दिया। वह दौड़कर कमानिया गेट के अंदर की तरफभागने लगा तो उस पर पिस्टल से फायर किया इसी बीच उसके पिता रामप्रकाश पटैल बीच बचाव करने आये तो उनके ऊपर भी तलवार से हमला किया। पिस्टल से फायर कर दिया गोली उसे लगने की जगह गोली वहां खड़ी एक सफेद कॉलर की किया कार में लगी जिससे ड्रायवर साईड का ग्लास टूट गया, हल्ला होने पर भीड़ एकत्रित होते देख जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। पुलिस ने शिकायत पर आरोपी प्रशांत रजक, आयुष शर्मा, शिवम सोनी, विशाल चौधरी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

# अस्पताल से डिस्चार्ज होते ही श्रद्धालुओं को रौंदने वाला बस चालक गिरफ्तार

**गैर इरादतन हत्या, हत्या का प्रयास का मामला हुआ है दर्ज**

**जबलपुर।** सिहोरा थाना अंतर्गत गौरी तिराहा में 30 सितम्बर को नशे में चूर बस चालक द्वारा तांड़व मचाते हुए श्रद्धालुओं को रौंद दिया था। हादसे में एक की मौत हो गई थी। जबकि 14 लोग घायल हुए थे। घायलों में चालक भी शामिल था। एक्सीडेंट मामले में आरोपित के खिलाफ गैर इरादतन हत्या, हत्या के प्रयास का मामला दर्ज हुआ था। आरोपी के डिस्चार्ज होते ही पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया जिसे न्यायालय के समक्ष पेश करने के बाद जेल भेज दिया है। विदित हो कि गौरी तिराहा में 30 सितम्बर को रात्रि साढ़े नौ बजे श्रद्धालुओं को बस क्रमांक एमपी 49 पी 0261 के चालक प्रदीप मिश्रा ने कुचल दिया था। चालक न केवल शराब के नशे में धुत था बल्कि उसने खतरनाक तरीके से बस को चलाया जबकि नवरात्रि का त्योहार चल रहा था लोग झांकी देखन के लिये सड़कों में चल रहे थे। ड्यूटी में लगे पुलिस वालों ने बस को रोकने का प्रयास भी किया था लेकिन वह बस नहीं रोका और सड़क में चल रहे लोगों एवं सड़क किनारे खड़े लोगो को जोरदार टक्कर मार दिया था जिससे 14 लोगो को चोटे आई कई लोग गंभीर रुप से घायल हुये थे पुलिस अधीक्षक सम्पत्त उपाध्याय, कलेक्टर राघवेंद्र सिंह घटना स्थल पर मौके पर पहुंचे थे। कुछ लोगों को शासकीय अस्पताल सिहोरा से प्राथमिक ईलाज उपरांत छुट्टी दे दी गई एवं कुछ लोगो को गंभीर चोटे होने से मेडिकल अस्पताल जबलपुर रिफर कर दिया गया था। बस चालक को भी चोटें आई थी जिसे भी मेडिकल अस्पताल जबलपुर रिफर किया गया था। वहीं इलाज के दौरान तीन अक्टूबर को घायल सिपाही लाल विश्वकर्मा निवासी ग्राम राय समेरिया थाना सिहोरा ने दम तोड़ दिया था। पुलिस ने गैर इरादतन हत्या, हत्या के प्रयास का प्रकरण दर्ज किया था। आरोपी चालक प्रदीप मिश्रा पिता स्व. राजेन्द्र मिश्रा 42 वर्ष निवासी ग्राम छपरा पहरुआ थाना सिहोरा को मेडिकल अस्पताल जबलपुर से डिस्चार्ज करने पर उसे रविवार को गिरफ्तार किया। बस जब्त की गई। इसके बाद दसे न्यायालय सिहोरा पेश किया गया,जहाँ से उपरोक्त आरोपी प्रदीप मिश्रा को न्यायिक रिमाण्ड पर उप जेल सिहोरा भेज दिया गया है।

**जिम्मेदारों पर दर्ज होगी एफआईआर, लिये जा रहे बयान**

**गुलौआ चौक में दुर्गोत्सव चल समारोह के दौरान हुए हादसे का मामला**

# लापरवाही के चलते मंच गिरने से गई थी महिला की जान

**जबलपुर।** गढ़ा थाना अंतर्गत गुलौआ चौक में शुक्रवार और शनिवार की दरमियानी रात्रि दुर्गोत्सव चल समारोह के दौरान सजा स्वागत मंच अचानक भरभराकर गिर गया था हादसे में एक महिला की मौत हुई थी जबकि सात घायल थे। इस मामले की प्रारंभिक जांच में लापरवाही सामने आई जिसके चलते हादसा हुआ है। पुलिस मामले से जुड़े लोगोंके बयान दर्ज कर रही है जिसके बाद जो तथ्य सामने आएंगे उसके आधार पर जिम्मेदारों पर कार्रवाई की जायेगी। विदित हो कि गढ़ा थाना अंतर्गत गुलौआ चौक स्थित सेंट्रल बैंक के सामने शुक्रवार और शनिवार की दरमियानी रात्रि दुर्गोत्सव चल समारोह के बीच रात्रि 12:30 बजे स्वागत मंच अचानक भरभराकर गिर गया था मंच में सवार लोगों के साथ अन्य इसकी चपेट में आ गए थे आठ लोग घायल हुए। शनिवार को इलाज के दौरान श्वेता वर्मा 33 वर्षीय निवासी संजीवनी नगर की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई जबकि उसका बेटा सौर वर्मा एवं अन्य घायलों का इलाज चल रहा है। आरोप है कि मंच निर्माण के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा से खिलवाड़ करते हुए लोहे की सेंटिंग प्लेट कमजोर लगाई गई थी। गढ़ा थाना प्रभारी प्रसन्न कुमार शर्मा ने बताया कि प्रारंभिक जांच में लापरवाही सामने आई है जिसके चलते हादसा हुआ है। मामले में जिम्मेदारों के खिलाफ एफआईआर दर्ज होगी।

### घायल बच्ची का हाल-चाल जानने अस्पताल पहुंचे लोक निर्माण मंत्री

लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने रविवार की शाम सूपाताल स्थित जानकीरमण अस्पताल पहुंचकर यहां उपचार के लिए भर्ती घटना में घायल 11 वर्ष की बच्ची चेतना केवट के परिजनों से भेंट की और उसके हाल-चाल जाने। उपचार के बारे में जानकारी ली उन्होंने घटना में मृत महिला के प्रति शोक संवेदना व्यक्त की है।

# कहीं भी कचरे के ढेर दिखाई न दें : निगमायुक्त

**जबलपुर।** आगामी दीपावली त्यौहार को देखते हुए निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के द्वारा सिटी ब्यूटीफिकेशन के लिए अभी से तैयारियॉ प्रारंभ करा दी गई है। उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों के साथ डुमना से लेकर सिविल लाइन, इन्द्रा मार्केट, मालगोदाम चौक, घंटाघर, सिविक सेन्टर, नौदराब्रिज, तीनपत्ती होते हुए मानस भवन के चारों तरफ के मार्गो, क्षेत्रों का सघन रूप से निरीक्षण किया और दीपोत्सव पर विशेष साफ-सफाई रखने अभी से जमीनी धरातल पर कार्य करने के निर्देश दिये। निगमायुक्त ने दो टूक शब्दों में स्वास्थ्य, लोककर्म, उद्यान,

प्रकाश और अन्य विभागों के उपस्थित अधिकारियों को कहा कि त्यौहार के पूर्व शहर की सफाई व्यवस्था में और अधिक अमूलचूल परिवर्तन लाएँ और प्रमुख सड़कों के पैचवर्क का काम पूर्ण कराएँ। उन्होंने पैचवर्क के कार्यो में भी गति लाने के निर्देश दिये। निगमायुक्त द्वारा अधिकारियों को यह भी हिदायत दी गई कि सड़कों के किनारे और सार्वजनिक स्थलों के आस-पास कहीं भी कचरे-मलवे की ढेर-ढेरियॉ दिखाई न दे, निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त के साथ सभी संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## तीन दिन से बंद घर का दरवाजा पुलिस ने खुलवाया तो फांसी पर झूलती मिली लाश

**जबलपुर।** मदमनहल थाना क्षेत्र में एक घर का दरवाजा तीन से बंद होने पर शंका हुआ तो पुलिस को सूचना दी गई रविवार दोपहर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दरवाजा खुलवाया तो युवक की लाश फांसी के फंदे पर झूलती मिली। युवक ने आत्महत्या किन कारणों से की है इसका पता नहीं चल सका है पुलिस मर्ग कायम कर जांच कर रही है।

पुलिस के मुताबिक श्रीमति ग्यारसी बाई 60 वर्ष निवासी मदनमहल ने सूचना दी किउसका बेटा दुर्गेश उसके साथ रहता था अमर यादव के बाड़े में किराये से मकान लिये हैं 4 दिन पहले बेटा दुर्गेश बाड़े में घर में आ गया था उसने जाकर दरवाजा खटखटया तो नहीं खोला सोची कि सो रहा होगा रविवार सुबह लगभग 11 बजे दरवाजा नहीं खोला तो पुलिस को सूचना दी, पुलिस के सामने दरवाजा खुलवाया देखा उसका बेटा दुर्गेश उर्फ किस्सू गोठिया 32 वर्ष घर में फांसी लगाकर मृत अवस्था में लटका था।

# रमनगरा मेन लाइन में हुआ लीकेज

**एमआईसी सदस्य जलप्रभारी ने सुधार कार्य का लिया जाजया**

**जबलपुर।** तकनीकि कारणों से रमनगरा मेन लाइन में बाजनामठ के पास लीकेज हो गया, जिसका सुधार कार्य तेजगति से कराया जा रहा है। सुधार कार्य का रविवार को महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू के निर्देशानुसार एम.आई.सी. सदस्य जलप्रभारी दामोदर सोनी ने पार्षद अनुराग दाहिया, जल विभाग के अधिकारी अनुराग पाठक के साथ निरीक्षण किया और शीघ्र अतिशीघ्र सुधार कार्यो को पूर्ण कराने व नागरिकों को दोनो समय स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति कराने संबंधी व्यवस्था को बहाल करने कहा। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि जबतक सुधार कार्य पूर्ण नहीं हो जाता है, तब तक नागरिकों को वैल्पिक लाइन के साथ टैंकरों के माध्यम से जलापूर्ति कराई जायेगी।

**तीन सदस्यीय टीम की 11 दिन चली जांच पड़ताल, अब कार्रवाई कब**

# दो घरों के चिराग बुझाने वाले गुनहगारों की रिपोर्ट पेश

**जबलपुर।** तिलवारा थाना के अंतर्गत बरगी हिल्स में 24 सितम्बर की रात्रि दुर्गा पंडाल के बाहर सड़क पर विद्युत साज सज्जा के लिये लगाई गई झालर के तार से लोहे के पाइप के जरिये करंट के संपर्क में आने से दोनों बच्चों की मौत हो गई थी। इस मामले में पुलिस के साथ जिला प्रशासनिक टीमों ने जांच की। तीन सदस्यीय टीम ने हादसा कैसे और किन परिस्थितियों में हुआ और इसके जिम्मेदार कौन है समेत अन्य बिन्दुओं पर जांच हुई। 11 दिन में जांच पड़ताल पूर करने के साथ रिपोर्ट तैयारी हुई हो गई। हादसे के जिम्मेदारों की रिपोर्ट रविवार को कलेक्टर के समक्ष पेश कर दी गई है अब इस

मामले में कार्रवाई का इंतजार है। जांच में लापरवाही सामने आई है।

### क्या है मामला

विदित हो आयुष झारिया पिता आशीष झारिया निवासी गणेश मंदिर के पास बरगी हिल्स एवं बेद श्रीवास 10 वर्ष पिता विपिन श्रीवास 40 वर्षीय निवासी बरगी हिल्स दोनों खेल रहे थे तभी खेलते समय बिजली का पाईप पकड़ लिया करंट की चपेट में आने से दोनों की मौत हो गई थी।

### समिति सदस्यों, परिजनों के बयान दर्ज

पुलिस ने समिति सदस्यों और परिजनों के बयान दर्ज कर लिए है। अब तक की जांच में लापरवाही सामने आई है। इसके साथ ही मामले में कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने जांच के आदेश दे दिए थे घटना की जाँच के लिये एसडीएम गोरखपुर अनुराग सिंह के नेतृत्व में तीन सदस्यीय दल गठित किया गया दल में लोक निर्माण विभाग के एसडीओ ईएण्डएम एस के शर्मा एवं पूर्व क्षेत्र विद्युत कंपनी के सहायक यंत्री दिनेश पाल को सदस्य बनाया गया था। जिन्होंने ने भी अपनी रिपोर्ट पेश कर दी है।

### इनकी रही उपस्थिति

एसडीएम गोरखपुर अनुराग सिंह ने बताया कि मामले की जांच पूरी कर ली गई है जिसे रविवार को कलेक्टर के समक्ष पेश कर दिया गया है। जांच में लाइट कनेक्शन लूज के साथ अन्य खामियां मिली है। तिलवारा थाना प्रभारी बृजेश मिश्रा ने बताया कि जांच रिपोर्ट नहीं मिली है जिसके मिलने के बाद जो तथ्य सामने आएंगे उसके आधार पर आगे की कार्रवाई होगी।

# ई-अटैंडेंस व्यवस्था : 6300 ने कराया रजिस्ट्रेशन, 900 कर्मचारियों की कमी

**नवभारत,जबलपुर।** नगर निगम के ऐसे अधिकारी-कर्मचारियों को अब वेतन के लिए तरसना पड़ सकता है जो अभी तक मनमाने ढंग से नौकरी करते आए थे और बिना काम के वेतन आहरण करते रहे हैं। वजह निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के द्वारा जारी किया गया ई-अटैंडेंस लगाने का सख्त फरमान...जानकारी के अनुसार नगर निगम के 7200 अधिकारी-कर्मचारियों में अब तक 6300 ने ई-अटैंडेंस में रजिस्ट्रेशन करा लिया है और अब वे लोकेशन के साथ अपनी हाजिरी लगा रहे हैं। बचे 900 कर्मचारियों की जो कमी है अब मुख्यालय स्तर पर इनका पता लगाया जा रहा है क्योंकि अभी तक 7200 कर्मचारियों का वेतन नगर निगम से आहरित होता रहा है। निगमायुक्त का ये आदेश नगर

निगम के शासकीय कर्मचारी और आउटसोर्स दोनों के लिए लागू किया गया है। इस व्यवस्था के शुरु होने के बाद नगर निगम के कई विभागों में हड़कंप मचा हुआ है और वे अब सकते में आ चुके हैं। ऐसे में लापरवाही कर्मचारियों को डर सता रहा है कि कहीं ई-अटैंडेंस उनकी नौकरी न ले डूबे। जानकारों का कहना है कि जो निगम के अफसर, कर्मचारी लापरवाही के ढर्रे को अपनाकर नौकरी करते आए हैं उनकी नौकरी पर अग गाज गिरने की संभावना ज्यादा नजर आ रही है। वहीं निगमायुक्त द्वारा लागू की गई इस व्यवस्था से पारदर्शिता आने के साथ भ्रष्टाचार पर भी रोक लगने की बात की जा रही है।

### यहां सबसे ज्यादा गड़बड़ी

सूत्रों की माने तो नगर निगम के उद्यान, सिक्यूरिटी गार्ड, स्वास्थ्य और अन्याक्रान्ति दस्ते में आउट सोर्स कर्मचारी तैनात हैं जिनकी संख्या अधिक दिखाकर फर्जी हाजिरी दिखाई जाती है और नगर निगम से इनका वेतन निकाला जाता है। जिस प्रकार पंजीयन संख्या में करीब 900 कर्मचारियों की कमी दिख रही है उसे देखते हुए वेतन के नाम पर बड़े घोटाले का पर्दाफाश हो सकता है।

### इनका कहना है

अभी तक नगर निगम के कुल 7200 में से 6300 अधिकारी-कर्मचारियों ने ई-अटैंडेंस प्रक्रिया में अपना-अपना रजिस्ट्रेशन करा लिया है। शेष बचे 900 का पता लगाया जा रहा है। बिना ई-अटैंडेंस के किसी भी अधिकारी-कर्मचारी को वेतन भुगतान नहीं किया जाएगा। जिनके पास कीपैड मोबाइल हैं उनके लिए जोन स्तर पर व्यवस्था की गई है। वे पोर्ट अपना पोर्ट नंबर डालकर किसी के भी एंड्रायड मोबाइल से हाजिरी लगा सकते हैं।

**रामप्रकाश अहिरवार**
**निगमायुक्त, जबलपुर**